Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 11 नवंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 43

## महत्वपूर्ण एवं खास

### ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से किसान की मौत, मंडी से वापस लौटते समय हुआ हादसा

**डबवाली (आरएनएस)।** हरियाणा के सिरसा के गांव रंगा के पास घग्गर नदी पुल से उतरते समय धान से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। इसके दौरान किसान की मौत हो गई। राहगीरों ने ट्रैक्टर की नीचे दबे किसान को बाहर निकाला, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। उसके सिर पर गहरी चोट आई और गर्दन टूटने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान 26 वर्षीय मुरारी लाल के तौर पर हुई है। मुरारी लाल मुसाहिबवाला के पास शेलर में धान बेचने के लिए गया हुआ था। उसके चचेरे भाई राजेंद्र ने बताया कि मुरारी लाल के पास ढाई एकड़ जमीन थी और 3 एकड़ उसने ठेके पर लिए हुए थे। शुक्रवार वे दोनों दो ट्रॉली पीआर धान को लेकर मुसाहिबवाला सेलर में पहुंचे। क्योंकि सिरसा मंडी उठान के कारण बंद थी और धान नहीं बिक रहा था।

### मेक्सिको के बार में अंधाधुंध फायरिंग, 10 लोगों की मौत

**क्वेरेटारो ।** मेक्सिको के क्वेरेटारो राज्य में एक बार में हुई अंधाधुंध गोलीबारी में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हथियारबंद हमलावरों ने बार में घुसकर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। घटना शुक्रवार देर रात लॉस कैंटारिटोस नामक एक बार में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कम से कम चार हथियारबंद लोग बार में घुसे और वहां मौजूद लोगों पर गोलियां बरसाईं। इस हमले में 10 लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।यह घटना क्वेरेटारो में बढ़ती हिंसा का एक और उदाहरण है। हाल ही में इस क्षेत्र में कई अन्य हिंसक घटनाएं हुई हैं, जिनमें गैंगवार और अपराध शामिल हैं। पुलिस इस घटना को क्षेत्रीय संघर्षों से जोडक़र देख रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर दी है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने हत्यारों को पकडऩे के लिए पूरे क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया है। इस घटना से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई है। लोग अपने घरों में दुबके हुए हैं और पुलिस से अपराधियों को पकडऩे की मांग कर रहे हैं। राज्य सरकार ने इस घटना की निंदा की है और पुलिस को आरोपियों को जल्द से जल्द पकडऩे के निर्देश दिए हैं। सरकार ने लोगों से शांत रहने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

### आखिरी किला भी फतेह : एरिजोना समेत सभी 7 स्विंग स्टेट्स में ट्रंप की जीत, 312 सीटें मिलीं

**वाशिंगटन ।** रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने एरिजोना में भी शानदार जीत दर्ज की है। 2016 चुनाव के बाद एरिजोना में डोनाल्ड ट्रंप की यह दूसरी जीत है। 2020 में जो बाइडन ने यहां जीत दर्ज की थी। वे एरिजोना जीतने वाले दूसरे डेमोक्रेट हैं। एरिजोना की जीत के साथ ही अब रिपब्लिकन पार्टी का कब्जा सभी सातों स्विंग राज्यों पर हो चुका है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को अभी तक 312 इलेक्टोरल वोट मिल चुके हैं। यह आंकड़ा उनके पिछले कार्यकाल से भी अधिक है। दरअसल, 2016 में डोनाल्ड ट्रंप को 304 इलेक्टोरल वोट मिले थे। अमेरिका में राष्ट्रपति के लिए 270 इलेक्टोरल वोट की जरूरत होती है।

## जम्मू-कश्मीर : श्रीनगर में सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेरा, मुठभेड़ जारी

**श्रीनगर । आरएनएस**



मध्य कश्मीर के श्रीनगर जिले के जबरवान वन क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेर लिया है और दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ चल रही है। पुलिस ने रविवार को बताया कि पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम को उस क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिलने के बाद अभियान शुरू किया गया।

बताया जा रहा है कि सुरक्षाबलों ने 3-4 आतंकियों को घेर लिया है, वहीं इस दौरान दोनों ओर से गोलीबारी हो रही है। हाल के दिनों में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच कई मुठभेड़ हुई, जिनमें कई आतंकवादी और उनके कमांडर मारे गए हैं। वहीं, कुछ सुरक्षा बलों के जवान भी हताहत हुए हैं।

महत्वपूर्ण बात यह है कि आतंकवादी गतिविधियां अब जम्मू-कश्मीर के उन इलाकों में भी हो रही हैं, जो इस तरह की घटनाओं से मुक्त माने जा रहे थे। इसमें कश्मीर में श्रीनगर और जम्मू में चेनाब घाटी, उधमपुर और कठुआ के इलाके शामिल हैं।

जम्मू में अत्यधिक प्रशिक्षित आतंकवादी वाहनों पर घात लगाकर हमला कर रहे हैं और ग्रेनेड और गोलियों के साथ-साथ एम4 असॉल्ट राइफलों का इस्तेमाल कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि बढ़ते आतंकवाद और आतंकवादियों द्वारा अत्याधुनिक हथियारों के इस्तेमाल से खतरे के स्तर में वृद्धि का संकेत मिलता है। लगातार हो रहे हमलों ने राजनीतिक आलोचना को जन्म दिया है और सुरक्षा उपायों को मजबूत करने की मांग की है।

विश्लेषकों का कहना है कि पिछले कुछ सालों में कश्मीर घाटी को जम्मू से विभाजित करने वाले पीर पंजाल क्षेत्र में आतंकवाद में बढ़ोतरी को देखा गया है। कश्मीर में लगातार आतंकवाद विरोधी अभियानों ने आतंकवादियों को पहाड़ों और उन क्षेत्रों में धकेल दिया है, जो आतंकवाद से मुक्त थे और जहां वे छिपते हैं।

### जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में मुठभेड़, चार जवान घायल; 3-4 आतंकवादी घिरे

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में चार जवान घायल हो गए। यह मुठभेड़ हाल ही में हुए दो ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) की हत्या के मामले में तलाशी अभियान के दौरान हुई।

सूत्रों के अनुसार, मुठभेड़ सुबह करीब 11 बजे केशवान जंगल में शुरू हुई। जहां हाल ही में दो वीडीजी के शव मिले थे, सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों को घेर लिया। इस दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी, जिसके परिणामस्वरूप चार जवान घायल हो गए। घायल जवानों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया है और आतंकवादियों को खत्म करने के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है। माना जा रहा है कि इलाके में तीन से चार आतंकवादी फंसे हुए हैं।

## दर्दनाक हादसा : सड़क के बीच खड़े ट्रक में जा घुसी तेज रफ्तार कार, एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत



**नोएडा । आरएनएस**

नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर रविवार को भीषण सडक़ हादसा हो गया जिसमें 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। घटनास्थल पर जारी हुए एक वीडियो में बुरी तरह क्षतिग्रस्त कार को देखा जा सकता है। जानकारी के मुताबिक कार सडक़ पर खड़े एक खराब ट्रक में पीछे से घुस गई थी। हादसे के बाद हर तरफ चीख-पुकार मच गई। इस हादसे में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई मरने वालों में 3 महिलाएं और दो पुरुष शामिल थे। यह हादसा नोएडा से परी चौक जाते समय हुआ। जानकारी के मुताबिक एक तेज रफ्तार वेगनआर कार रोड पर खड़े खराब ट्रक में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के पूरी तरह परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आगे हादसे की जांच कर रही है।

## नहीं रहे पद्मश्री मुसाफिर राम भारद्वाज, 103 वर्ष की आयु में हुआ निधन

**भरमौर । आरएनएस**



पद्मश्री एवं राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित शिव चेले मुसाफिर राम भारद्वाज का घर पर लगभग 6.45 बजे निधन हो गया। वह लगभग 103 वर्ष के थे। कुछ समय से अस्वस्थ थे। पठानकोट के दुनेरा में पंचतत्व में विलीन हुए। वह चंबा के उपमंडल भरमौर के सचुईं गांव के रहने वाले थे। वह वर्तमान में पंजाब के जिला पठानकोट की धारकलां तहसील के तहत आने वाले दुनेरा के धारकलां में रह रहे थे।

भगवान शिव के चेले मुसाफिर राम भारद्वाज का आशीर्वाद लेने प्रदेशभर के साथ पूरे देश से लोग आते थे। उन्हें वर्ष 2014 में कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। उनका जन्म भरमौर के सचुईं गांव निवासी दीवाना राम के घर पर हुआ था। वह पारंपरिक वाद्य यंत्र पौण माता बजाने में माहिर थे। उन्होंने 13 वर्ष की आयु में ही पौण माता बजाना सीख लिया था।

## तेलंगाना : बच्चों को झील में फेंकने के बाद पिता ने भी कूदकर दी जान

**हैदराबाद । आरएनएस**



तेलंगाना के सिद्दीपेट कस्बे में एक व्यक्ति ने अपने दो बच्चों के साथ झील में कूदकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस के अनुसार, सत्यम (48) अपने बेटे अन्वेश (7) और बेटी त्रिवेणी (5) के साथ कस्बे के चिनतल चेरुवु झील में कूद गया।

पुलिस ने रविवार को स्थानीय लोगों की मदद से शवों को झील से बाहर निकाला। माना जा रहा है कि सत्यम ने अपनी जान देने के लिए उसी झील में कूदने से पहले दो बच्चों को झील में फेंक दिया।

पुलिस को संदेह है कि पारिवारिक समस्याओं के कारण उसने आत्महत्या की। बताया जा रहा है कि सत्यम अपनी दूसरी पत्नी के साथ झगड़े के बाद घर छोडक़र चला गया था और अपने माता-पिता के साथ रह रहा था, इसके बाद से वह निराश था।

इसके बाद उसने अपनी पहली पत्नी के बच्चों के साथ आत्महत्या कर ली।

एक अन्य घटना में, रविवार को जगतियाल जिले में एक सडक़ दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना तब हुई, जब चार लोगों वाली एक कार को तेलंगाना राज्य सडक़ परिवहन निगम (टीजीएसआरटीसी) की बस ने टक्कर मार दी।

पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना जगतियाल शहर के पास धारुर रोड पर हुई। कार चला रहे संकीर्थ और उसके बगल में बैठी एक युवती की मौत हो गई। पीछे बैठे रायमल्लू और उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जगतियाल के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

संकीर्थ और उनके माता-पिता जनगांव में एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के बाद जगतियाल लौट रहे थे। मृतक महिला उनकी रिश्तेदार थी। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए जगतियाल के सरकारी अस्पताल में भेज दिया।

जगतियाल डिपो की टीजीएसआरटीसी बस का एक पहिया दुर्घटनास्थल पर अलग पाया गया। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि दुर्घटना पहिया निकलने के कारण हुई या टक्कर के कारण अलग हुई।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि उन्होंने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

## केंद्र सरकार ने स्वच्छता कैंपेन में कबाड़ बेच कमाए 650 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली । आरएनएस**



केंद्र सरकार ने अक्टूबर में चले स्वच्छता अभियान के तहत निकले कबाड़ को बेचकर 650 करोड़ रुपये से अधिक की आय आर्जित की है। यह जानकारी कार्मिक मंत्रालय द्वारा दी गई।

मंत्रालय की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशानिर्देशों से प्रोत्साहित होकर 2021-24 के बीच चलाए गए स्पेशल कैंपेन के तहत 2,364 करोड़ रुपये की आय कबाड़ को बेचकर प्राप्त हुई है। इससे अधिकारियों के लिए अधिक ऑफिस स्पेस फ्री हुआ है और दक्षतापूर्ण कार्य करने में मदद मिलेगी।

केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि स्पेशल कैंपेन 4.0 स्वच्छता को संस्थागत बनाने और सरकारी कार्यालयों में लंबित मामलों को कम करने के लिए भारत का सबसे बड़ा अभियान था।

स्वच्छता और लंबित मामलों को कम करने के लिए विशेष अभियान 4.0 में संतृप्ति दृष्टिकोण अपनाया गया।

स्पेशल कैंपेन 4.0 में 5.97 लाख से अधिक साइटों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया है और इसके परिणामस्वरूप प्रभावी कार्यालय उपयोग के लिए 190 लाख वर्ग फुट जगह खाली हुई है।

जितेंद्र सिंह ने कहा कि हर गुजरते साल के साथ, विशेष अभियान का आकार और पैमाना बढ़ रहा है और 2023 में 2.59 लाख साइटों की तुलना में 2024 में 5.97 लाख से अधिक साइटों को कवर किया गया।

स्पेशल कैंपेन 4.0 की समीक्षा कैबिनेट मंत्रियों, राज्य मंत्रियों और केंद्र सरकार के सचिवों द्वारा कार्यान्वयन में नेतृत्व और मार्गदर्शन प्रदान करते हुए की गई।

स्पेशल कैंपेन 4.0 की प्रगति को दैनिक आधार पर इसके लिए बनाए गए स्पेशल पोर्टल पर मॉनिटर किया गया।

सिंह ने स्पेशल कैंपेन 4.0 के तहत केंद्रीय सचिवालय में लंबित मामलों में कमी की सराहना की, जिसमें अधिकांश मंत्रालयों/विभागों ने अपने लक्ष्यों का 90-100 प्रतिशत हासिल किया।

बयान में आगे कहा गया कि यह स्पेशल कैंपेन 31 अक्टूबर को बंद हो गया है। इसके परिणाम काफी अच्छे रहे हैं। अगला चरण 14 नवंबर से शुरू होगा। मंत्रालय ने स्वच्छता को संस्थागत बनाने में विशेष अभियान 4.0 के दौरान उभरी बेस्ट प्रैक्टिस को भी सूचीबद्ध किया।

### किसानों का कर्ज माफ...

## 25 लाख युवाओं को रोजगार, गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र में जारी किया बीजेपी का घोषणा पत्र

**मुंबई । आरएनएस**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बीजेपी का घोषणा पत्र जारी कर दिया है। इस घोषणा पत्र में किसानों, महिलाओं और युवाओं पर खास फोकस किया गया है। घोषणा पत्र जारी करने के मौके डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़णवीस, बीजेपी स्टेट चीफ चन्द्रशेखर बावनकुले, मुंबई बीजेपी चीफ आशीष शेलार, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और पार्टी के कई अन्य नेता मौजूद थे।

इस दौरान फडणवीस ने कहा कि ये महाराष्ट्र के पूर्ण विकास का संकल्प है। संकल्प पत्र विकसित महाराष्ट्र का रोडमैप है। फडणवीस ने कहा कि किसानों का कर्ज माफ करेंगे। महाराष्ट्र के 25 लाख युवाओं को रोजगार देंगे। इसके साथ ही और भी कई वादे किए गए हैं जिनमें छात्रों को 10000 रुपये महीना, लाडली योजना में 2100 रुपये, बिजली बिलों में 30 फीसदी छूट, वृद्धावस्था पेंशन 2100 रुपये, 25000 महिला पुलिसकर्मियों की भर्ती, आशा वर्करों को 15000 महीना, 45 हजार गांवों में सडक़ नेटवर्क, शेतकारी सम्मान 15000 रुपये प्रति महीना शामिल है।

## दक्षिण कोरिया : ऑनलाइन गैंबलिंग में शामिल 4,700 से अधिक नाबालिगों की पुलिस ने की पहचान

**सियोल**

दक्षिण कोरियाई पुलिस का दावा है कि उसने पिछले एक साल में ऑनलाइन जुआ गतिविधियों में शामिल 4,700 से अधिक नाबालिगों की पहचान की है।

योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार, राष्ट्रीय पुलिस एजेंसी ने कहा कि सितंबर 2023 से इस साल अक्टूबर तक अवैध ऑनलाइन गैंबलिंग पर विशेष कार्रवाई के दौरान 19 वर्ष से कम आयु के 4,715 व्यक्तियों की पहचान की। नाबालिगों की कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

यह आंकड़ा कार्रवाई में शामिल सभी आयु समूहों का 47.2 प्रतिशत है। शुरुआत में पुलिस ने अवैध जुआ संचालकों और आदतन जुआरियों को टारगेट करने पर ध्यान केंद्रित किया, लेकिन पिछले साल नाबालिगों में जुए की बढ़ती समस्या के कारण अभियान का दायरा बढ़ा दिया गया।

परिणामस्वरूप, पहचाने गए नाबालिग जुआरियों की संख्या पिछले वर्ष के दौरान दर्ज किए गए केवल 162 मामलों की तुलना में 2,784 प्रतिशत बढ़ गई।

इसमें सत्रह साल के बच्चों का समूह सबसे बड़ा था, जिसमें 1,763 लोग थे, उसके बाद 16 वर्षीय (1,241) और 15 वर्षीय (560) थे।

इन नाबालिगों के बीच जुए का सबसे लोकप्रिय रूप ऑनलाइन कैसीनो गेम था, जो कुल मामलों का 82.6 प्रतिशत था। दांव पर लगाई गई कुल राशि 3.7 बिलियन वॉन ($2.64 मिलियन) तक पहुंच गई, जिसमें प्रति व्यक्ति औसत दांव 780,000 वॉन था। पुलिस के अनुसार, 4,715 नाबालिग उल्लंघनकर्ताओं में से 1,733 को पेशेवर परामर्श सेवाओं के लिए भेजा गया। एजेंसी ने कहा कि विशेष कार्रवाई एक और साल के लिए बढ़ाई जाएगी, क्योंकि युवाओं के बीच अवैध जुए में मामले कम होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे है।

## ईरानी मूल के अमेरिकी को मारने की साजिश तीन लोगों ने रची : अमेरिकी न्याय विभाग

**वाशिंगटन**

अमेरिकी न्याय विभाग ने शुक्रवार को ईरानी मूल के एक अमेरिकी नागरिक की हत्या की साजिश रचने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ अभियोग दायर किया है। ईरान के 51 वर्षीय फरहाद शकेरी, न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन के 49 वर्षीय कार्लिस्ले रिवेरा जिन्हें पॉप के नाम से भी जाना जाता है और न्यूयॉर्क के स्टेटन आइलैंड के 36 वर्षीय जोनाथन लोडहोल्ट को इसमें आरोपी बनाया गया है।

पॉप और लोहोल्ट को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के सदस्य शकेरी के बारे में कहा जाता है कि वह ईरान में है। वह बचपन में अमेरिका आ गया था, लेकिन डकैती के आरोप में 14 साल जेल में रहने के बाद उसे निर्वासित कर दिया गया था।

न्याय विभाग ने एक बयान में कहा, शकेरी के निर्देश पर, लोडहोल्ट और रिवेरा ने संयुक्त राज्य अमेरिका में रहने वाले ईरानी मूल के एक अमेरिकी नागरिक (पीड़ित-1) की निगरानी में कई महीने बिताए हैं।

पीड़ित-1 ईरानी शासन का मुखर आलोचक है और ईरान सरकार द्वारा निर्देशित अपहरण और/या हत्या की कई पिछली साजिशों की मुखालफत करता रहा है। शकेरी ने 100,000 डॉलर का लालच दिया था जिसके बाद, रिवेरा और लोडहोल्ट ने हत्या के लिए पीड़ित-1 का बार-बार पता लगाने की कोशिश की। न्याय विभाग ने आगे कहा: पीड़ित-1 का पता लगाने और उसे मारने के अपने प्रयासों के दौरान, शकेरी, लोडहोल्ट और रिवेरा ने अपनी प्रगति के बारे में संदेश साझा किए और अपनी योजना से संबंधित तस्वीरें साझा कीं। उदाहरण के लिए, फरवरी 2024 में या उसके आसपास, रिवेरा और लोडहोल्ट ने शकेरी से आने वाले भुगतान के बारे में संदेश दिया और फिर फेयरफील्ड विश्वविद्यालय गए, जहां पीड़ित-1 को पेश होना था, और परिसर में तस्वीरें लीं।

अप्रैल में या उसके आसपास, शकेरी ने रिवेरा को वॉयस नोट्स की एक श्रृंखला भेजी, जिसमें पीड़ित-1 का पता लगाने और उसे मारने के उनके प्रयासों पर चर्चा की गई थी। एक वॉयस नोट में, शकेरी ने रिवेरा को बताया कि पीड़ित-1 अपना अधिकांश समय उसके घर के विशेष स्थानों पर बिताती है, और रिवेरा से कहा कि आपको बस धैर्य रखना होगाज् आपको प्रतीक्षा करनी होगी और धैर्य रखना होगा कि वह घर में जाए या बाहर आए, या उसका कहीं पीछा करे और उसका ख्याल रखे। अंदर जाने के बारे में न सोचें। पिछले कई महीनों में कई मौकों पर, शकेरी के इस निर्देश के अनुरूप, रिवेरा और/या लोडहोल्ट ने ब्रुकलिन में एक स्थान की निगरानी की है, जिसे उन्होंने पीड़ित-1 से जुड़े के रूप में पहचाना था।

अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने कहा: दुनिया में कुछ ही लोग हैं जो संयुक्त राज्य अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ईरान जितना गंभीर खतरा पैदा करते हैं। न्याय विभाग ने ईरानी शासन के एक ऐसे व्यक्ति पर आरोप लगाया है, जिसे शासन द्वारा राष्ट्रपति-चुनाव डोनाल्ड ट्रम्प सहित अपने लक्ष्यों के खिलाफ ईरान की हत्या की साजिशों को आगे बढ़ाने के लिए आपराधिक सहयोगियों के एक नेटवर्क को निर्देशित करने का काम सौंपा गया था।

हमने दो व्यक्तियों पर आरोप लगाया है और उन्हें गिरफ्तार भी किया है, जिनके बारे में हमारा आरोप है कि उन्हें उस नेटवर्क के हिस्से के रूप में भर्ती किया गया था, ताकि अमेरिकी धरती पर एक अमेरिकी पत्रकार को चुप कराया जा सके और उसकी हत्या की जा सके, जो शासन का एक प्रमुख आलोचक रहा है।